**जनपद हमीरपुर**

**थाना –साइबर क्राइम** **दिनांक 20.09.2026**

**कूटरचित ई-केवाईसी के माध्यम से सिम फार्मिंग करने वाले गिरोह का खुलासा, 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से 08 सिम कार्ड बरामद, कूटरचित ई-केवाईसी से एक्टिवेट किये गये 03 सिमकार्डों के विभिन्न राज्यों में 03 NCRP शिकायतें दर्ज। गिरोह द्वारा एक्टिवेट किये गये सिमकार्ड कई राज्यों में साइबर अपराधों में प्रयुक्त किये जाने का खुलासा।**

**पुलिस कार्यवाही-**

अवगत कराना है कि दिनांक- 16.09.2026 को वादिया श्रीमती रानी पत्नी अरविन्द ग्राम व पोस्ट पढोरी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 13/2026 धारा 318(4)/336(3) भारतीय न्याय संहिता 66(C)/66(D) आईटी एक्ट बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही का विवरण-**

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें में सम्बन्धित आशीष पुत्र सतीश कुमार (उम्र करीब 23 वर्ष) निवासी सिकन्दरपुरा थाना राठ जनपद हमीरपुर का नाम विवेचना के क्रम में प्रकाश में आया। जिन्हें मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त को हमीरपुर राठ रोड संकरी पीपल तिराहा थाना क्षेत्र कोतवाली नगर से 08 अदद ब्लैंक सिम कार्ड, के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमें में धारा- 61/338/340(2) भारतीय न्याय संहिता एवं 42(3)(e) टेलीकॉम एक्ट की बढोतरी की गई। प्रकरण में विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**अपराध करने का तरीका (Modus Operandi)**

अभियुक्त आशीष पुत्र सतीश कुमार POS एजेंट के रूप में कार्य करता था। अभियुक्त समूह लोन दिलाने हेतु केवाईसी कराने के नाम पर उनकी जानकारी/सहमति के बिना उनके नाम से सिम कार्ड निकाल लिया जाता था, जिसे साइबर अपराधियों को ऊंचे दामों पर बेच देता था । NCRP पोर्टल/समन्वय पोर्टल की जांच से यह भी प्रमाणित हुआ है कि अभियुक्त आशीष के द्वारा कुल 03 सिमकार्ड निकाला गया है जिस पर 03 राज्यों में साइबर फ्रॉड की कुल 03 घटनाएं घटित की जा चुकी हैं जिनसे लाखों रूपये का साइबर फ्राड किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. आशीष पुत्र सतीश कुमार (उम्र करीब 23 वर्ष) निवासी सिकन्दरपुरा थाना राठ जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी का विवरण -**

1. 08 अदद सिम।

**पुलिस टीम थाना साइबर क्राइम**

1. निरी0 भरत कुमार (साइबर थाना)
2. उ0नि0 सचिन शर्मा (प्रभारी स्वाट टीम मय टीम)
3. उ0नि0 कृष्णदेव त्रिपाठी (प्रभारी सर्विलांश सेल मय टीम)
4. उ0नि0 अजीत सिंह (साइबर सेल)
5. का0 प्रवीन यादव (साइबर थाना)
6. का0 चन्द्रभवन दिवाकर (साइबर सेल)

